पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-6

सोमवार, दिनांक-25 फरवरी, 2013 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 05 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'क' 476 पर्यावरण एवं वन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 81 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(ii) श्री जनक सिंह
(iii) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(iv) श्रीमती पूनम देवी यादव
(v) श्री विनोद प्रसाद यादव
(vi) श्री राजेश्वर राज
(vii) डॉ० दाऊद अली
(viii) श्री प्रदीप कुमार
(ix) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(x) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(xii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(xiii) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(xiv) श्री अशोक कुमार सिंह
(xv) श्री प्रेमरंजन पटेल

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचना</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी के शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 27.02.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

[5] <u>सरकार का वक्तव्य</u> :-

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार राय के विरूद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श (दिनांक 22.02.13 से जारी)</u>:-

वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री इजहार अहमद

(iii) श्री अफाक आलम

(iv) श्री अवधेश कुमार राय

(v) श्री पवन कुमार जायसवाल

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण (कांग्रेस को छोड़कर) विरोध प्रकट करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 28 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 26.02.2013 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-25.02.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।